RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 139 | FRIDAY DATE 12-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ


टीम ही नहीं जब वहां, अपनी प्यारे लाल।
बेगानी में किस लिए, रहे भांगड़े डाल।
रहे भांगड़े डाल, नहीं जब टीम हमारी।
फीफा की फिर तुम्हें, लगी कैसे बीमारी।
कह साहिल कविराय, नहीं अच्छी मनमानी।
दीवाना क्यों हुआ, अरे शादी बेगानी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

# कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू से की मुलाकात

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।**



केंद्रीय कानून, सांस्कृतिक एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राजधानी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल टीएस संधू से मुलाकात की। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह संक्षिप्त बैठक लोक निवास में हुई। लोक निवास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट में कहा, 'उपराज्यपाल दिल्ली टीएस संधू ने गुरुवार को लोक निवास में केंद्रीय कानून और न्याय तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की।' इससे पहले, उपराज्यपाल ने शहर की नागरिक एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बातचीत की और उन्हें पाइपिंग, नालियों और स्टोरेज टैंक की मरम्मत का काम तय समय में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही, सरकारी स्कूलों और इमारतों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग (वर्षा जल संचयन) संरचनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। संधू ने एक्स पर एक संदेश में कहा, 'डीडीए, एमसीडी और एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में राजधानी भर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग की तैयारियों की समीक्षा की।' उन्होंने कहा, 'संरचनात्मक मरम्मत में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट निर्देश और सख्त समय-सीमा तय की गई कि मानसून के मौसम से पहले ही सभी रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पूरी तरह से चालू हो जाएं।' संधू ने कहा कि अधिकारियों को दिल्ली भर में सभी रेनवाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं की कुल स्थापित क्षमता का व्यापक आकलन करने का निर्देश दिया गया। इसका उद्देश्य भविष्य की योजना, भूजल पुनर्भरण और दीर्घकालिक जल संरक्षण प्रयासों के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत ने मालदीव को भेजी खसरे के टीके की 20 हजार खुराक

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।** भारत ने पड़ोसी देश मालदीव को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा मजबूत करने में सहयोग देने के लिए 20,000 खसरा वैक्सीन डोज और लगभग 3 टन चिकित्सा सामग्री की खेप भेजी है। यह सहायता मालदीव में बढ़ते खसरे के मामलों के बीच दी गई है। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। जारी बयान के मुताबिक भारत सरकार की ये सोच है कि यह समय पर दी गई मदद मालदीव सरकार के टीकाकरण अभियान को मजबूत करने और खसरे के बढ़ते मामलों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। साथ ही, इससे देश की स्वास्थ्य प्रतिक्रिया क्षमता को भी मजबूती मिलेगी।

### पीओके के रावलकोट में प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी, 16 की मौत

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) के रावलकोट शहर में बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हजारों निहत्थे नागरिकों पर पाकिस्तानी सेना ने बिना किसी चेतावनी के अंधाधुंध गोलियां चला दीं, जिसमें कम से कम 16 नागरिक मारे गये हैं गयी और 37 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रावलकोट के ईदगाह मैदान में करीब 60,000 से 70,000 लोग शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र हुए थे। ये लोग सस्ते आटे, चावल, बिजली की उचित दरों और अपने बुनियादी मानवाधिकारों की मांग कर रहे थे। इसी दौरान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने भीड़ पर एके-47 राइफलों से सीधे गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। अचानक हुई इस गोलीबारी से मैदान में भगदड़ मच गई और अपनी आर्थिक बदहाली के खिलाफ आवाज उठाने आए पुरुष, महिलाएं और युवा अपनी जान बचाने के लिए भागते नजर आए। इस दमन के बाद पूरे रावलकोट में स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण और डरावनी बनी हुई है।




## दिल्ली में कोचिंग सेंटरों पर लगेगी लगाम, सरकार लाएगी सख्त रेगुलेटरी नीति

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए एक व्यापक नियामक ढांचा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं प्रशिक्षण, तकनीकी शिक्षा तथा शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली सचिवालय में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में एमसीडी, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, शहरी विकास विभाग और उच्च शिक्षा निदेशालय सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दिल्ली के सभी कोचिंग संस्थानों के लिए एक व्यापक नियामक नीति तैयार की जाएगी। इसके लिए उच्च शिक्षा निदेशक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एक बहु-विषयक समिति का गठन किया जाएगा। प्रस्तावित नीति में कोचिंग संस्थानों की फीस संरचना, छात्र सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, भवन एवं अग्नि सुरक्षा मानक, आपदा प्रबंधन व्यवस्था, शिक्षकों और कर्मचारियों के कार्य वातावरण तथा शिकायत निवारण तंत्र जैसे विषय शामिल होंगे। साथ ही नियमित निरीक्षण और नियमों के अनुपालन की निगरानी भी सुनिश्चित की जाएगी।

## मानसून से पहले सभी रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम दुरुस्त करे:एलजी संधू

**दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।** राजधानी में मानसून से पहले रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने संबंधित एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा की और सभी विभागों को 30 जून तक जरूरी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को राजधानी में स्थापित सभी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की कुल क्षमता का आकलन करने का निर्देश दिया, ताकि जल संरक्षण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप योजना बनाई जा सके। डीडीए ने बताया कि उसके अधीन 624 रेनवॉटर हार्वेस्टिंग ढांचों में से 621 वर्तमान में कार्यरत हैं। इनमें 587 की सफाई और डी-सिल्टिंग का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष 34 ढांचों का रखरखाव कार्य 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा डीडीए 24 नए रेनवॉटर हार्वेस्टिंग पिट विकसित करेगा। ये भिकाजी कामा प्लेस मल्टीलेवल कार पार्किंग, विकास सदन, साकेत, कॉमनवेल्थ गेम्स विलेज, चिल्ला, यमुना, पूर्वी दिल्ली, नेताजी सुभाष और द्वारका सेक्टर-23 स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स समेत अन्य स्थानों पर बनाए जाएंगे।



# विकसित भारत के लिए केंद्र-राज्यों का सामूहिक प्रयास जरूरी : मोदी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता की। इस महत्वपूर्ण बैठक में देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और प्रशासक, केंद्रीय मंत्री तथा नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सहकारी संघवाद की भावना से केंद्र और राज्य मिलकर भारत की विकास यात्रा को नई गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के साझा लक्ष्य को हासिल करने में केंद्र और राज्यों के सामूहिक प्रयासों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'सहकारी संघवाद की भावना से प्रेरित होकर, हम भारत की विकास यात्रा को गति देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। 'विकसित भारत' के हमारे साझा विजन को साकार करने में केंद्र और राज्यों के सामूहिक प्रयास अहम भूमिका निभाएंगे।'

इस वर्ष की बैठक की थीम 'विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास' रखी गई, जिसका उद्देश्य देश के हर नागरिक के समग्र विकास और कल्याण को सुनिश्चित करना है, चाहे वह किसी भी आयु वर्ग, क्षेत्र, लिंग या सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंधित हो।

बैठक में इस विजन को धरातल पर उतारने और नागरिकों तक इसके ठोस परिणाम पहुंचाने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा की गई। साथ ही ऐसे उपायों पर विचार किया गया, जिनसे देश में उद्यमिता को बढ़ावा मिले, कौशल विकास को मजबूती मिले और रोजगार के स्थायी अवसर सृजित किए जा सकें। गवर्निंग काउंसिल की बैठक में समावेशी मानव विकास के लिए चार प्रमुख स्तंभों पर विशेष ध्यान दिया गया। इनमें मजबूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल, उत्पादक रोजगार और उद्यमिता आधारित विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण के साथ बेहतर जीवन स्तर, तथा सभी के लिए समान अवसर और गरिमा सुनिश्चित करना शामिल है।

बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि विकास की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और राज्यों की विकास दृष्टि को राष्ट्रीय विकास दृष्टिकोण के साथ जोड़ा जाए। बैठक के दौरान विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सुशासन, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, साझेदारी मॉडल और डेटा आधारित निर्णय प्रणाली को महत्वपूर्ण बताया गया। इसके अलावा, अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों की निगरानी के लिए एक व्यवस्थित तंत्र विकसित करने पर भी चर्चा हुई, ताकि योजनाओं की जवाबदेही सुनिश्चित हो और उनके परिणामों का सही आकलन किया जा सके।

बैठक में दिसंबर 2025 में आयोजित मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन की प्रमुख सिफारिशों पर भी चर्चा की गई। इनमें प्रारंभिक बाल शिक्षा, स्कूली शिक्षा, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण हेतु कौशल विकास, उच्च शिक्षा को ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था से जोड़ना तथा खेल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देना जैसे विषय शामिल थे।

## नोएडा में ई-बस सेवा का सीएम योगी करेंगे शुभारंभ, 20 से 50 रुपए तक किराया

» **नोएडा, यूटर्न/ 11 जून ।**




राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में ई-बस सेवा की शुरूआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-33ए स्थित शिल्प हाट में किया जाएगा, जिसकी तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। बताया गया है कि उद्घाटन समारोह में करीब 300 लोगों के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर 10 इलेक्ट्रिक बसें शिल्प हाट परिसर में मौजूद रहेंगी, जबकि अन्य बसें सेक्टर-90 स्थित बस डिपो से अपने निर्धारित मार्गों पर संचालन शुरू करेंगी।

पहले चरण में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण अपने-अपने क्षेत्रों में 10-10 बसों का संचालन शुरू करेंगे। नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी के अनुसार तीनों प्राधिकरणों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बसों के संचालन के लिए विस्तृत रूट प्लान तैयार कर लिया है। फिलहाल चार प्रमुख रूटों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के रास्ते पर चला है: अनुराग ठाकुर

» **ऊना, यूटर्न/ 11 जून ।**



भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को ऊना में बन रहे पीजीआई सैटेलाइट सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल और पंजाब के राजनीतिक हालातों को लेकर प्रतिक्रिया दी। सांसद ने पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विकास योजनाओं पर भी बातचीत की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पीजीआई सैटेलाइट सेंटर को बनाने के लिए पहले चरण में लगभग 330 करोड़ रुपए खर्च किया जाएगा। दूसरे चरण में 550 करोड़ रुपए की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि दिसंबर 2026 तक पीजीआई सेटेलाइट केंद्र ऊना को जनता को समर्पित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपने निर्धारित समय से लगभग एक वर्ष से ज्यादा की देरी से यह बन रहा है। इसकी कई वजहें सामने आई हैं। जिन कंपनियों की ओर से यहां काम किया जा रहा है और सरकारी एजेंसियों को हमने निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द बनाया जाए। सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि पंजाब देश का वो राज्य है, जिसको हम ह्यफूड बाउल ऑफ इंडियाह्न कहते हैं, लेकिन साथ ही साथ देश के विकास और सुरक्षा में भी बड़ा योगदान दिया है।

# सीआईए कलायत द्वारा अवैध असला अमुनेशन सहित आरोपी काबू

### 315 बोर देसी कट्टा व 5 कारतूस बरामद

» रवि जैस्ट

कलायत, यूटर्न/ 11 जून । एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार अवैध असला रखने वालों की लगातार धरपकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईए कलायत पुलिस द्वारा एक आरोपी को 315 बोर देसी कट्टा व 5 कारतूस सहित काबू कर लिया गया।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई में एएसआई राजीव सिंह की टीम शाम के समय गस्त दौरान किसान चौंक कलायत के पास मौजूद थी। जहां पर पुलिस पार्टी को खुफिया सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि गांव खरौदी निवासी अशोक उर्फ शौकी गांव खरक पाडवा से सजूमा को जाने वाली सड़क के टी- प्वाइंट पर किसी वारदात को अंजाम देने के इंतजार में खड़ा है तथा उसके पास अवैध असला है। अगर वहां पर तुरंत रेड की जाए तो अशोक को अवैध असला सहित काबू किया जा सकता है। जो सूचना विश्वसनीय होने के कारण पुलिस पार्टी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, उक्त स्थान पर दबिश देकर अशोक उर्फ शौकी उपरोक्त को काबू कर लिया गया।

जांच दौरान आरोपी के कब्जे में जेब से एक 315 बोर देसी कट्टा तथा 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के खिलाफ थाना कलायत में मामला दर्ज करके सीआईए कलायत के एएसआई राजीव सिंह द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही हैं।

# ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन बिल्डिंग में बड़ा हादसा, 37वीं मंजिल से गिरकर दो मजदूरों की मौत



**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 11 जून ।** नोएडा के सेक्टर-152 स्थित एटीएस पिक्करेस्क रीप्राइव प्रोजेक्ट में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। निमार्णाधीन टावर में शटरिंग का कार्य कर रहे दो मजदूर ऊंचाई से गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना के बाद निर्माण स्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-152 स्थित एटीएस पिक्करेस्क रीप्राइव प्रोजेक्ट के टावर-23 की 37वीं मंजिल पर शटरिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान वहां काम कर रहे मजदूरों की सेफ्टी बेल्ट अचानक टूट गई। सेफ्टी बेल्ट टूटने के कारण दोनों मजदूर संतुलन खो बैठे और ऊंचाई से नीचे गिर गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल दोनों मजदूरों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया।

मृतकों की पहचान रईसुल हक (24 वर्ष) पुत्र बदिओर जमाल और अब्दुल समद (45 वर्ष) पुत्र सादात रहमान के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से पश्चिम बंगाल के निवासी बताए जा रहे हैं और निर्माण परियोजना में मजदूरी का कार्य कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना नॉलेज पार्क पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस अधिकारियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सेफ्टी बेल्ट टूटने की बात सामने आई है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फिलहाल, पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे ने निर्माण स्थलों पर श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 28 जून को पांच वर्ष तक के हर बच्चे को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक : अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे

### हाई रिस्क क्षेत्रों पर रहेगा विशेष फोकस, ईंट-भट्टों, झुग्गी बस्तियों और प्रवासी परिवारों तक पहुंचेगी टीमे




» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 11 जून । राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान-2026 की तैयारियों को लेकर जिला सचिवालय में वीरवार को आयोजित बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में 28 जून को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रतिरक्षण दिवस (नेशनल इम्यूनाइजेशन डे) के सफल संचालन, व्यापक जनजागरूकता तथा शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे ने कहा कि देश कौनपोलियो मुक्त बनाए रखने के लिए प्रत्येक विभाग और अधिकारी की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता, सजगता और जवाबदेही के साथ करें ताकि अभियान के दौरान कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई माइक्रो प्लानिंग के अनुसार सभी संवेदनशील और हाई रिस्क क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। ईंट-भट्टों, झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों, निर्माण स्थलों, घुमंतू परिवारों तथा प्रवासी मजदूरों के बच्चों तक पोलियो की दवा पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके अलावा नवजात शिशुओं की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। बैठक में सीएमओ विजय मलिक ने बताया कि पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी। सेक्टर-29 इंडस्ट्रियल एरिया, सिवाह, रिसालू रोड, डाडोला रोड, पसिना खुर्द, पसिना कलां, कबड़ी सहित विभिन्न औद्योगिक और स्लम क्षेत्रों में विशेष टीमें तैनात की जाएंगी। वहीं सेक्टर-25 कृष्णा गार्डन, हाली कॉलोनी, घोसली, माईजी कॉलोनी, ईदगाह कॉलोनी तथा बापौली क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में भी विशेष फोकस रखा जाएगा।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनवाड़ी कार्यकताओं के माध्यम से लाभार्थियों का डाटा स्वास्थ्य विभाग के साथ साझा करने तथा घर-घर सर्वेक्षण एवं माइक्रो प्लान तैयार करने में सहयोग देने के निर्देश दिए गए। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी भी विभाग को सौंपी गई। अतिरिक्त उपायुक्त ने शहरी स्थानीय निकायों को अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, जागरूकता गतिविधियां चलाने तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग को विद्यालयों में पोलियो बूथ स्थापित करने, अध्यापकों के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक करने तथा टीकाकरण के प्रति हिचकिचाहट रखने वाले परिवारों को प्रेरित करने की जिम्मेदारी दी गई।

# मुख्यमंत्री ने थानेसर के लिए सुपर सकर व सीवर के लिए मशीनों की दी मंजूरीः सुभाष सुधा



### पूर्व राज्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक में बाढ़ राहत कार्यों की करी समीक्षा

## विधानसभा की 80 फीसदी डेनों व नालों की हो चुकी है सफाई

» परमिंदर सिंह

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 11 जून । हरियाणा पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने थानेसर शहर की नगर परिषद को एक सुकर सकर मशीन और सीवर के लिए 40 लाख की लागत वाली मशीन लेने की मंजूरी दी है। इस मशीनों से नगर परिषद को कार्य करने में आसानी हो, जिसका शहर के लोगों की समस्याएं हल होंगी। उन्होंने कहा कि थानेसर विधानसभा के अंदर बाढ़ राहत के 80 फीसदी कार्यों को पूरा किया जा चुका है और बाकी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा वीरवार को बाढ़ बचाव के कार्यों को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बाढ़ बचाव के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस बैठक में डीएमसी अमन कुमार व जिला परिषद के सीईओ विरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों को बाढ़ बचाव से संबंधित सभी कार्यों को गंभीरता के साथ करने के लिए निर्देश दिए। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर काफी गंभीर है, जो भी विकास कार्य मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखा जाता है, उसकी तुरंत मंजूरी मिल जाती है। अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पोर्टल लॉच किया है। प्रदेश में होने वाली एमसी के सभी कार्यों की रिपोर्ट रोजाना पोर्टल पर अपडेट की जाती है। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को बरसात के कारण कोई दिक्कत नहीं आएगी। इसको लेकर सभी विभाग अपना-अपना कार्य कर रहे हैं।

# अभिव्यक्ति की आजादी व संवैधानिक अधिकारों का हनन नहीं होने देंगे : सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग, शिक्षिका सुलेखा दलाल का निलंबन तत्काल रद्द करने की मांग

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत , यु-टर्न 11 जून। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री एवं महासचिव कृष्ण नैन ने रोहतक की गेस्ट शिक्षिका सुलेखा दलाल को बिना कारण बताए निलंबित किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला बताया है।

संघ नेताओं ने कहा कि किसी नागरिक, कर्मचारी या शिक्षक को सार्वजनिक मुद्दों पर अपनी राय रखने, भ्रष्टाचार, पेपर लीक, भर्ती घोटालों तथा युवाओं के भविष्य से जुड़े प्रश्न उठाने का संवैधानिक अधिकार है। यदि कोई शिक्षिका एक मां के रूप में अपने बेटे तथा देश के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य की चिंता व्यक्त करती है तो उसे दंडित करना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

नरेश शास्त्री और कृष्ण नैन ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में नीट परीक्षा, सीबीएसई 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन संबंधी विवादों, विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं तथा देशभर में सैकड़ों पेपर लीक की घटनाओं ने बेरोजगार युवाओं और विद्यार्थियों के साथ बड़ा धोखा किया है। इन घटनाओं ने शिक्षा एवं भर्ती प्रक्रियाओं की विश्वसनीयता को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। हरियाणा लोक सेवा आयोग की विभिन्न भर्तियों में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित किए जाने तथा चयन प्रक्रियाओं पर उठे सवालों की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

संघ नेताओं ने कहा कि जब देश का युवा लगातार पेपर लीक, भर्ती घोटालों और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं से प्रभावित हो रहा है, तब इन मुद्दों को उठाने वालों पर कार्रवाई करना समस्या का समाधान नहीं है। सरकार को दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए, न कि आवाज उठाने वालों को निशाना बनाना चाहिए।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने मांग की है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा दें तथा देशभर में हुई परीक्षा एवं भर्ती अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच करवाई जाए।

संघ नेताओं ने शिक्षा विभाग से मांग की कि संबंधित अधिकारी शिक्षिका सुलेखा दलाल से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से रद्द करें तथा शीघ्र बहाली सुनिश्चित करें। यदि ऐसा नहीं किया गया तो शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों को व्यापक आंदोलन छेड़ने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

## इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस ने 24 घंटे में किया लाखों की चोरी का खुलासा , माल समेत दो शातिर गिरफ्तार

**सुनील बाजपेई/कानपुर, यूटर्न/ 11 जून ।** पनकी थाना क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है, जिसके क्रम में पूर्व में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिलाने के साथ ही लाखों के माल की चोरी की घटना का भी 24 घंटे के अंदर सटीक खुलासा कर दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया। घटना के 24 घंटे के अंदर माल सहित चोरों को भी गिरफ्तार करने जैसी यह महत्वपूर्ण सफलता अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले और पीड़ितों की सहायता में भी आग्रणी माने जाने वाले इंडस्ट्रियल एरिया पनकी के तेज तर्रार व्यवहार कुशल चौकी प्रभारी विकास वर्मा की टीम को मिली।

अवगत कराते चलें कि योगी सरकार की मंशा के अनुरूप पीड़ितों की सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ भी लगातार सफल मोर्चा खोले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले सरल और शालीन स्वभाव के चौकी प्रभारी विकास वर्मा की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। प्राप्त विवरण के मुताबिक चौकी क्षेत्र इंडस्ट्रियल एरिया थाना पनकी स्थित एक फैक्ट्री से लगभग 2700 किलो वजन की लगभग 6 लाख से भी अधिक रुपए की कीमत वाली लेड की 108 सिल्लियां चोरी कर ली गईं थी। जिसकी सूचना के बाद तत्काल कार्यवाही में भी अग्रणी चौकी प्रभारी विकास वर्मा अपनी टीम के साथ सक्रिय होकर चोरों की तलाश में जुट गए।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# 45 मिनट के लाइट एंड साउंड में नजर आया श्री सोमनाथ मंदिर का अदभुत एवं अनोखा इतिहास

## हरियाणा के 23 जिलों के 1100 श्रद्धालुओं ने हाथ में दीपक जलाकर की शिव आराधना, 22 मिनट की श्री सोमनाथ महाआरती का श्रद्धालुओं ने लिया आनंद



श्री सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट के मैनेजर अनिल मिस्त्री को भेंट किया मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा भेजा गया स्मृति चिन्ह

» अश्विनी वालिया

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 11 जून । अरब सागर की लहरों के तेज शोर और तेज हवाओं के बीच मंदिर परिसर में 45 मिनट के लाइट एंड साउंड ने श्री सोमनाथ मंदिर के अद्भुत एवं अनोखे इतिहास को बखूबी दिखाया गया। अहम पहलू यह है कि हरियाणा प्रदेश के 23 जिलों से लगभग 1100 श्रद्धालुओं ने हाथ में दीपक जलाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व प्रदेश की तरक्की की मनोकामना की है। खास बात यह है कि श्री सोमनाथ मंदिर में रोजाना होने वाली 22 मिनट की महाआरती का गुणगान किया गया।

हरियाणा के श्रद्धालुओं ने श्री सोमनाथ मंदिर के आस पास तीर्थों व मंदिरों के दर्शन करने के उपरांत भगवान शिव व सोमनाथ की आराधना करने के लिए मंदिर में पहुंचे। यहां पर श्रद्धालुओं के लिए ट्रस्ट व गुजरात सरकार ने दर्शन करवाने व जलाभिषेक करवाने के लिए वीआईपी व्यवस्था की गई थी। इस वीआईपी व्यवस्था के बीच लगभग 1100 श्रद्धालुओं व सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के अधिकारियों व स्टाफ के सदस्यों प्रथम ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और जलाभिषेक किया। सभी श्रद्धालुओं को गुजरात सरकार व ट्रस्ट की तरफ से अंग वस्त्र व प्रसाद देकर सम्मानित किया गया। भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के बाद ट्रस्ट की तरफ श्रद्धालुओं को स्वाभिमान पर्व पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इस चलचित्र के माध्यम से श्री सोमनाथ मंदिर के 1000 साल पूरे होने व आजादी के बाद 75 वर्ष पूरे के तमाम पहलुओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को दिखाया गया। इसके उपरांत लाइट एंड साउंड का शो दिखाया गया।


45 मिनट के लाइट एंड साउंड शो में श्री सोमनाथ का हजारों साल पुराना इतिहास व वर्तमान सरकार व ट्रस्ट द्वारा लोक कल्याण के लिए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया गया। इस शो को देखने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु एक टकटकी लगाकर देखते रहे।

जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गुजरात सरकार, मंदिर ट्रस्ट व स्टे वैल एजेंसी के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि गुजरात में श्रद्धालुओं के लिए खाने, रहने व यातायात की बेहतर व्यवस्था की गई। सभी श्रद्धालुओं ने भी व्यवस्थाओं की तारीफ की है। इस कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की तरफ से भेजे गए स्मृति चिह्न, शाल को ट्रस्ट के मैनेजर अनिल मिस्त्री को भेंट किया। इस मौके पर आईपीआरओ सत्यापाल सैनी, डीआईपीआरओ सुरेंद्र कुमार, अधीक्षक हाकिम सिंह, एआईपीआरओ बलराम शर्मा, एआईपीआरओ अक्षय कुमार, युवा विकास अधिकारी अश्विन सोलंकी, जिला विकास जिला युवा विकास अधिकारी गुजरात हरीश कुमार, स्टे वैल कंपनी के अधिकारी जयदीप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# महिलाओं के चरित्र हनन और अभद्र टिप्पणी के खिलाफ पुलिस में शिकायत, कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

**हरियाणा, यूटर्न/ 11 जून ।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं पंजाबी समाज की प्रतिनिधि प्रिया असीजा ने सोशल मीडिया पर महिलाओं के प्रति की गई आपत्तिजनक, अभद्र एवं चरित्र हनन करने वाली पोस्ट के खिलाफ थाना सिविल लाइन, भिवानी में लिखित शिकायत देकर संबंधित महिला के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। प्रिया असीजा ने कहा कि सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट में महिलाओं के लिए अपमानजनक एवं अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया गया है। किसी भी महिला की गरिमा, सम्मान और चरित्र पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करना न केवल नैतिक रूप से गलत है बल्कि कानून भी दंडनीय अपराध है। ऐसी टिप्पणियां समाज में महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं और उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाती हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया अभिव्यक्ति का मंच है, लेकिन इसका उपयोग किसी महिला या किसी वर्ग विशेष का अपमान करने, उनकी छवि खराब करने अथवा चरित्र हनन करने के लिए नहीं किया जा सकता। यदि इस प्रकार की भाषा और मानसिकता को समय रहते नहीं रोका गया तो इससे समाज में वैमनस्य और असुरक्षा का माहौल पैदा होगा।





**प्रिया असीजा का बयान:** 'मैंने थाना सिविल लाइन, भिवानी में औपचारिक शिकायत देकर संबंधित महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह मामला केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि महिलाओं की गरिमा और सम्मान से जुड़ा हुआ है। किसी भी महिला के चरित्र पर इस प्रकार की सार्वजनिक टिप्पणी अस्वीकार्य है। मैं भिवानी पुलिस से अपेक्षा करती हूं कि शिकायत प्राप्त होने के बाद निर्धारित समयावधि में निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। यदि पुलिस द्वारा समयबद्ध कार्रवाई नहीं की जाती है तो हम इस मामले को उच्च पुलिस अधिकारियों, महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग तथा अन्य सक्षम मंचों के समक्ष उठाने के लिए बाध्य होंगे। महिलाओं के सम्मान से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।' प्रिया असीजा ने कहा कि महिलाओं की गरिमा की रक्षा करना समाज और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है तथा कानून के समक्ष सभी समान हैं। उन्होंने मांग की कि सोशल मीडिया पर महिलाओं के विरुद्ध अपमानजनक और चरित्र हनन करने वाली पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# 'चैनोत को पानी मिलने तक गांव में पानी नहीं पीऊंगा' : आदित्य सुरजेवाला

## 26 दिनों से भीषण गर्मी में हक के लिए संघर्षरत ग्रामीणों को कांग्रेस का समर्थन, बुजुर्ग आमरण अनशन पर डटे

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 11 जून । गांव चैनोत में अपने हक के पीने के पानी की मांग को लेकर चल रहा धरना आज 26वें दिन में प्रवेश कर गया। पिछले 26 दिनों से गांव की महिलाएं, बुजुर्ग, युवा और बच्चे भीषण गर्मी के बावजूद धरनास्थल पर डटे हुए हैं और अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। गांव के बुजुर्ग इस भीषण गर्मी में आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं और गांव का हक मांग रहे है । ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उन्हें उनका हक का पानी नहीं मिल जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

ग्रामीणों के इस संघर्ष को समर्थन देने के लिए आज कैथल विधायक भाई आदित्य सुरजेवाला धरनास्थल पर पहुंचे। उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) हिसार के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया, एआईसीसी सदस्य राजेश संदलाना, पूर्व टैक्स एंड ट्रिब्यूनल सदस्य हरपाल सिंह बुरा, पीसीसी सदस्य दिलबाग सिंह ढांडा एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनूप सिंह सरसाना, युवा नेता आनंद जाखड़, एस सी प्रदेश महासचिव सुखबीर धानक, हरदीप पुनिया, कपिल श्योराण भी मौजूद रहे।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि चैनोत के लोग किसी का हक नहीं छीनना चाहते, बल्कि केवल अपने हिस्से का पानी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस मुद्दे को शहर और गांव के बीच संघर्ष के रूप में प्रस्तुत कर भाईचारे को तोड़ने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा, 'हम हांसी शहर का पानी रोकने की बात नहीं कर रहे हैं। हमारी मांग है कि हांसी शहर के लोगों को भी पर्याप्त पानी मिले और गांवों को भी उनका अधिकार मिले। सरकार का दायित्व सभी नागरिकों को समान रूप से सुविधाएं उपलब्ध करवाना है, न कि लोगों को आपस में बांटने का काम करना।'

आदित्य सुरजेवाला ने चैनोत के लोगों के संघर्ष के समर्थन में संकल्प लेते हुए कहा, 'जब तक चैनोत के ग्रामवासियों को उनके पीने के पानी का हक नहीं मिल जाता, तब तक मैं इस गांव में पानी नहीं पीऊंगा। जिस दिन सरकार चैनोत के लोगों को उनका अधिकार का पानी देगी, उसी दिन मैं यहां आकर गांव के लोगों के साथ पानी पीऊंगा।'

उन्होंने कहा कि पिछले 26 दिनों से गांव की मातृशक्ति, बुजुर्ग और युवा तपती गर्मी में अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन उनकी आवाज सुनने को तैयार नहीं है। लोकतंत्र में जनता की जायज मांगों को गंभीरता से सुना जाना चाहिए और उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

अंत में उन्होंने कहा, 'जब तक चैनोत के लोगों को उनका हक का पानी नहीं मिल जाता, तब तक कांग्रेस पार्टी का हर नेता, हर कार्यकर्ता और हर साथी इस संघर्ष में ग्रामीणों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। यह केवल पानी की नहीं, बल्कि जनता के अधिकार और सम्मान की लड़ाई है। कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर ग्रामीणों का साथ देगी।'

# 28 मामलों का हिस्ट्रीशीटर सोनू गिरफ्तार, पुलिस पर की थी चार राउंड फायरिंग



**फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।** फरीदाबाद पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित हिस्ट्रीशीटर सोनू को मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया है। यह कार्रवाई अपराध शाखा सेक्टर 85 और सेंट्रल की संयुक्त टीम ने की। मुठभेड़ आज 11 अल सुबह आईएमटी से मच्छगर जाने वाले रास्ते पर हुई।

पुलिस टीम सूचना के आधार पर सोनू को पकड़ने पहुंची थी। आरोपी सोनू ने पुलिस टीम पर चार गोलियां चलाई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें सोनू के दाहिने पैर में गोली लगी। इसके बाद उसे मौके पर ही दबोच लिया गया। सोनू थाना पल्ला क्षेत्र में घरों में चोरी करने के कई मामलों में वांछित था। उसका पहले भी लंबा आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। नोएडा, उत्तर प्रदेश में उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामले दर्ज है। उस पर हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों सहित कुल 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है। आज 11 जून की अल सुबह पुलिस को सोनू के बारे में सूचना मिली थी। अपराध शाखा की टीमें उसे पकड़ने के लिए मौके पर पहुंची। आईएमटी से मच्छगर जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने उसे घेर लिया। सोनू ने पुलिस दल पर चार फायर किए। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। सोनू थाना पल्ला क्षेत्र में घरों में चोरी के कई मामलों में वांछित था। उसका आपराधिक रिकॉर्ड काफी पुराना है। नोएडा, उत्तर प्रदेश में उस पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों सहित कुल 28 मामले दर्ज हैं। वह पुलिस रिकॉर्ड में एक हिस्ट्रीशीटर है।

# हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त होने पर राजेश ठकराल ने जताया आभार

## व्यापारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का किया संकल्प

» **हरियाणा, यूटर्न/ 11 जून ।**

वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश ठकराल को हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र के व्यापारियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। नियुक्ति के उपरांत राजेश ठकराल ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल का, भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता का तथा भाजपा हरियाणा प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

राजेश ठकराल ने कहा कि हरियाणा के व्यापारी प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। व्यापारियों ने हमेशा प्रदेश और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि व्यापारी वर्ग की समस्याओं का समाधान, उनके हितों की रक्षा तथा उनके व्यवसाय को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड एक प्रभावी सेतु के रूप में कार्य करेगा।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में व्यापारियों के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकार की नीतियों का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा व्यापारी वर्ग की आवाज को सरकार तक मजबूती से पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छोटे, मध्यम और बड़े सभी व्यापारियों के सुझावों को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

राजेश ठकराल ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल पद ग्रहण करना नहीं, बल्कि इस जिम्मेदारी को जनसेवा और व्यापारी हितों की सेवा का माध्यम बनाना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड को और अधिक सक्रिय, प्रभावी तथा व्यापारियों के लिए उपयोगी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के कल्याण, उनके अधिकारों की रक्षा और व्यापारिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए बोर्ड पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

उन्होंने एक बार फिर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा सौंपी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वे पूरी मेहनत और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा प्रदेश के व्यापारी वर्ग की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

# शॉर्ट-सर्किट से फर्नीचर फैक्टरी में लगी आग, करोड़ों का नुकसान, तीन वाहन भी जले

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।**

लिंकरोड थानाक्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 में फर्नीचर की फैक्टरी में बुधवार सुबह करीब 5 बजे आग लगी और भगदड़ मच गई। मात्र 15 मिनट में आग ने पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। आग की पलटें आबादी की ओर बढ़ी, लेकिन दमकल टीम ने काबू पा लिया। फैक्टरी का सारा सामान जलकर राख हो गया और कार समेत तीन वाहन भी जल गए। आसपास के मकानों के शीशे भी चटक गए तो लोग घरों से बाहर चले गए। फैक्टरी में फर्नीचर, लकड़ी, थिनर और



पॉलिश की वजह से आग काफी तेज रही। दमकल की शुरूआती जांच में शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फैक्टरी पश्चिम बंगाल के मूल निवासी सादुल की है। बुधवार सुबह करीब 4:55 बजे सोफा फैक्टरी में आग की सूचना मिली तो टीम मौके भेजी गई, लेकिन जब तक भीषण हो चुकी थी। जलने से टिनशेड की वजह से आग दमकलकर्मियों को बुझाने में भी दिक्कतें हुईं। इसके बाद जेसीबी से टिनशेड हटाकर आग बुझाने का काम शुरू किया जा सका। सीएफओ ने बताया कि फैक्टरी में फायर सिस्टम लगाना तो दूर अग्नि सुरक्षा उपकरण तक नहीं थे। आसपास रिहायशी इलाके की वजह से लोगों को घरों से निकालकर दूर भेज दिया गया था। फैक्टरी अग्निशमन सुरक्षा मानकों के तहत नहीं आती। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

फैक्टरी मालिक सादुल ने बताया कि उनकी मुख्य फैक्टरी दिल्ली में संचालित है, लेकिन वहां से उसे साहिबाबाद शिफ्ट कर रहे हैं। अधिकतर मशीनें दिल्ली की फैक्टरी से हटाकर यहां लगा दी गई थीं। मंगलवार देर रात करीब 2:30 बजे ही फैक्टरी में मोटी रकम का कच्चा माल भी पहुंचाया था।

सादुल ने बताया कि बकरीद पर वह अपने परिवार के साथ गांव गए हुए थे। उनके कारीगर और कर्मचारियों ने भी तीन दिन पहले ही छुट्टी से लौटकर काम शुरू किया था।

## संक्षिप्त खबरें

### किसान को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में चार पर प्राथमिकी दर्ज

**लोनी, यूटर्न/ 11 जून ।** ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने मीरपुर हिंदू गांव निवासी किसान सुनील त्यागी (55) की आत्महत्या के मामले में चार लोगों के खिलाफ आत्महत्या के उकसाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। सुनील त्यागी के सुसाइड नोट में सरकारी अधिकारियों व भू माफिया की मिलीभगत से उनकी दो बीघा जमीन को सरकारी घोषित कराने से परेशान होकर आत्महत्या की बात लिखी थी। मामला 9 जून का है, पुलिस ने किसान के भतीजे शशिकांत की तहरीर पर गांव के ही गौरव, निशांत, आकाश व नितिन को नामजद करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद मामले की जांच शुरू हो सकी है। लोनी एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मीरपुर हिंदू गांव निवासी सुनील त्यागी (55) का शव मंगलवार सुबह कमरे में फंदे से लटका मिला था। परिजन फंदे से उतारकर दिल्ली के जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। उनके भाई रविंद्र ने बताया कि सुनील की जेब से सुसाइड नोट मिला था। उसमें लिखा था कि घर के पास करीब दो बीघा जमीन की पैमाइश के लिए आए अधिकारियों ने भू माफिया की मिली भगत से उनकी भूमि को सरकारीघोषित कराया।

### स्टेशन छोड़ने के बहाने दो बच्चियों को 18 किलोमीटर दूर ले गया बाइक सवार, शोर मचाने पर ग्रामीणों ने दबोचा

**कलायत, यूटर्न/ 11 जून :** बृहस्पतिवार सुबह एक सनसनीखेज घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति दो छोटी बच्चियों को रेलवे स्टेशन छोड़ने के बहाने अपने साथ ले गया, लेकिन वह उन्हें तय स्थान की बजाय करीब 18 किलोमीटर दूर ले गया। रास्ते में मौका मिलते ही बच्चियों ने शोर मचा दिया, जिस पर ग्रामीणों ने संदेह होने पर आरोपी को पकड़ लिया और तुरंत डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियां अपनी नानी के घर आई हुई थीं। उनकी मौसी पहले ही रेलवे स्टेशन पहुंच चुकी थी। नानी ने बच्चियों के मामा को उन्हें स्टेशन छोड़ने के लिए फोन किया था, लेकिन उसके आने में देरी हो रही थी। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पंजाब नंबर की मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से नानी ने बच्चियों को रेलवे स्टेशन छोड़ने का आग्रह किया। स्टेशन की दूरी करीब एक से डेढ़ किलोमीटर थी, लेकिन आरोपी उन्हें लेकर दूसरी दिशा में निकल गया।

# तेरहवीं पर सूर्या को दी श्रद्धांजलि, गली के बाहर चौराहे का नाम रखा सूर्या चौक

» **खोड़ा, यूटर्न/ 11 जून ।**

खोड़ा के नवनीत विहार में बुधवार को सूर्या की तेरहवीं पर आयोजित शोकसभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और श्रद्धांजलि देकर परिवार को सांत्वना दी। उधर, समाज के लोगों ने सूर्या को हमेशा याद रखने के लिए उनके घर के पास चौराहे का नामकरण करते हुए सूर्या चौक रख दिया गया। वहां पर सूर्या के नाम का बोर्ड भी लगाया गया है। पार्षद ने भी नगर पालिका की बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को रखने की बात कही है। वहीं, सूर्या की मां सरोज ठाकुर ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि आरोपी जेल से नहीं छूटने चाहिए, यदि वह छूटे तो फिर किसी मां के लाल को मार देंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलने की इच्छा भी जाहिर की है। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए काफी संख्या में पुलिसबल तैनात किया गया।

दरअसल, 28 मई को बकरीद के दिन नवनीत विहार गली नंबर दो के पास 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की उसी के दोस्त असद ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। बुधवार को सूर्या की तेरहवीं पर शोक सभा रखी गई थी। इसमें दो एसीपी और चार थानाप्रभारियों के अलावा करीब 500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। सूर्या के घर से गली तक टेंट लगाकर गद्दे बिछाए गए। उधर, भाजपा और हिंदूवादी संगठन के लोगों ने गली नंबर एक पर सूर्या चौक का बोर्ड लगा दिया।




उन्होंने कहा कि सूर्या जैसी दूसरी घटना न हो इसके लिए हम सभी को सतर्क रहना होगा। वही, पार्षद ने आश्वासन दिया कि नगर पालिका बोर्ड बैठक में सूर्या चौक के प्रस्ताव को रखेंगे। इस मौके पर काफी लोगों ने सूर्या को श्रद्धांजलि दी। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से खोड़ा में सात अधिकारियों समेत 500 लोग मौजूद रहे।

**सूर्या की क्षति नहीं हो सकती पूरी-संजीव शर्मा:** तेरहवीं में शामिल होने पहुंचे शहर विधायक संजीव शर्मा ने परिजन को सांत्वना देते हुए कहा कि सूर्या की क्षति को पूरा नहीं किया जा सकता, लेकिन ऐसी पुनावृति न हो इसके लिए सरकार में बात रखी जाएगी। साथ ही सूर्या के परिवार को आवास दिलाने के लिए प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही उसे पूरा कराया जाएगा। वहीं, साध्वी आस्था मां ने कहा कि सूर्या की हत्या में जितने लोग शामिल रहे हैं उन सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। यदि असद अकेला होता तो शायद सूर्या अपनी जान बचा सकता था।

# दिल्ली पुलिस ने ई-कॉमर्स धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़, चार लोग गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।**

दिल्ली पुलिस ने ह्यऑपरेशन साइ हॉकह्ल के तहत एक संगठित ई-कॉमर्स धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह ऑनलाइन डिलीवरी और लॉजिस्टिक्स सिस्टम में हेरफेर कर विक्रेताओं (वेंडर्स) को ठगने का काम करता था।

पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन कर्मचारी और एक चोरी का सामान खरीदने वाला व्यक्ति शामिल है। आरोपियों के कब्जे से करीब 6.5 लाख रुपए की आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला तब सामने आया, जब फ्लिपकार्ट की कंसाइनमेंट संग्रह और डिलीवरी से जुड़ी लॉजिस्टिक्स कंपनी वेरकैटलिस्ट प्राइवेट लिमिटेड ने शिकायत दर्ज कराई।

कंपनी के ओखला फेज-2 स्थित संजय कॉलोनी के गोदाम में आंतरिक ऑडिट के दौरान पाया गया कि कई महंगे आभूषणों के पार्सल छेड़छाड़ किए गए या खाली हालत में पहुंच रहे थे।

शिकायत के आधार पर ओखला इंडस्ट्रियल एरिया थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच में पता चला कि आरोपी अर्पित कश्यप और आकाश राठौर ने टेंपो चालक मोहित कुमार के साथ मिलकर साजिश रची थी जो पिकअप स्टाफ के रूप में कार्यरत थे। आरोपियों ने वेंडर पोर्टल और पार्सल मूवमेंट सिस्टम तक अपनी पहुंच का गलत इस्तेमाल किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी महंगे आभूषणों के पिकअप ऑर्डर तैयार करते और वेंडर्स से असली पार्सल ले लेते थे। इसके बाद वे गोदाम में जमा करने से पहले ऑर्डर रद्द कर देते, पार्सल खोलकर उसमें से कीमती आभूषण निकाल लेते और फिर डिब्बों को दोबारा पैक कर देते थे। बाद में इन छेड़छाड़ किए गए



पार्सलों को गोदाम में जमा कर दिया जाता था, जिससे यह लगे कि डिलीवरी सही तरीके से हुई है।

चोरी किए गए आभूषणों को बाद में अनमोल उर्फ अनमोल पोद्दार को कम कीमत पर बेचा जाता था। पुलिस का आरोप है कि वह बिना बिल और सामान के स्रोत की जांच किए इन्हें खरीदता था।

जांच टीम ने तकनीकी निगरानी, डिजिटल फॉरेंसिक विश्लेषण और स्थानीय खुफिया जानकारी की मदद से मामले का खुलासा किया। जांच के दौरान वेंडर पोर्टल की गतिविधियां, ऑर्डर आईडी, पार्सल मूवमेंट लॉग, रूट शीट, मोबाइल फोन रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल सबूतों की जांच की गई।

पुलिस ने बताया कि जांच में महंगे ऑर्डर बनाने, उन्हें रद्द करने और छेड़छाड़ किए गए पार्सल जमा करने का एक तय पैटर्न सामने आया, जिससे आरोपियों की साजिश की पुष्टि हुई।

आरोपियों की निशानदेही पर करीब 6.5 लाख रुपए की कृत्रिम चांदी की ज्वेलरी बरामद कर जब्त की गई है। बरामद सामान का मिलान वेंडर्स के बिल और शिपमेंट रिकॉर्ड से किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड तथा अन्य बरामदगी की भी जांच की जा रही है।

# हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्षा अर्चना गुप्ता का कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर होगाभव्य स्वागत : सुभाष सुधा

» **परमिंदर सिंह**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 11 जून । हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्षा अर्चना गुप्ता का कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर भव्य स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्षा अर्चना गुप्ता 12 जून को सायं 4 बजे आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में किया जा रहा है।

उन्होंने भाजपा के सभी पदाधिकारियों, देवतुल्य कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ तथा और हम सब कार्यकर्ताओ की प्रेरणास्त्रोत प्रदेश अध्यक्षा अर्चना गुप्ता का स्वागत करें।

उन्होंने कहा कि थानेसर हलका में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में तीन गुणा गति के साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं। इस हलका के गांव और शहरों में सबका साथ सबका विकास नीति को आधार मानकर



विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। शहर के विकास में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बजट की कोई कमी नहीं रख रहे। आए दिन शहर में एक के बाद एक विकास कार्यों के उद्द्घाटन व शिलान्यास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के किसी भी प्रोजेक्ट को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास ले जाने के देरी हैं, वहां से परियोजना को मंजूरी साथ के साथ मिल रही है।

# खोड़ा में आठ बदमाशों की संपत्ति पर चलेगा बुलडोजर

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।**

प्रदेशभर में अपराधियों का गढ़ माने जाने वाले खोड़ा में पुलिस और प्रशासनिक टीम संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बदमाशों पर शिकंजा कसने की तैयारी में है। सूर्या हत्याकांड के बाद एक्शन मूड में आई कमिश्नरेट पुलिस अब खोड़ा में रहने वाले आठ कुख्यात बदमाशों से अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति का ब्योरा मांगेगी।

इसके लिए बृहस्पतिवार यानी आज बदमाशों के घर पर नोटिस चस्पा किए जाएंगे। दो सप्ताह में संपत्ति का ब्योरा न देने पर बुलडोजर चलेगा। डीसीपी सिटी व ट्रांस हिंडन जोन धवल जायसवाल ने बताया कि जनपद में खोड़ा अपराधियों की शरणगाह बन गया है। राजस्व विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक खोड़ा में अपराधियों ने बंजर जमीन पर कब्जा कर अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति से मकान, दुकान, शोरूम और व्यावसायिक बिल्डिंग बना ली हैं।

गत दिनों पुलिस टीम ने खोड़ा और लोनी क्षेत्र में अभियान चलाकर अपराधियों का सत्यापन किया। खोड़ा में 314 और लोनी में 159 कुल 473



स्थानों पर सत्यापन अभियान चलाया गया। इनमें तीन हजार से अधिक अपराधियों का सत्यापन किया गया। इनमें से करीब एक हजार बदमाश किराये का मकान छोड़कर जनपद से पलायन कर गए।

जांच पड़ताल में सामने आया है कि खोड़ा में आठ बदमाश ऐसे हैं, जो आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं और प्रदेशभर में अपराध कर खोड़ा में शरण ले रहे हैं। इन बदमाशों ने अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित की है। बृहस्पतिवार को पुलिस चिह्नित आठ बदमाशों की 18 संपत्तियों पर नोटिस चस्पा करेगी। इन्हें दो सप्ताह में जवाब देना होगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर इनकी संपत्तियों को ध्वस्त किया जाएगा या सीजिंग की जाएगी।

**अपराधमुक्त खोड़ा बनाना है उद्देश्य:** डीसीपी धवल जायसवाल के मुताबिक खोड़ा में समय-समय पर अपराधियों को चेताया गया, जेल भेजे गए, कुर्क संपत्ति और जिलाबदर आदि की कार्रवाई की गई।

इसके बावजूद भी अपराधी अपनी कारगुजारियों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रथम चरण में खोड़ा और दूसरे चरण में लोनी के बदमाशों पर कार्रवाई की जाएगी।

बताया कि प्रदेश भर में जनपद की शाख पर बट्टा लगा रहे खोड़ा के बदमाशों पर सख्ती कर क्षेत्र को अपराधमुक्त कराने का उद्देश्य है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# केंद्र सरकार ने 30 प्रतिशत तक इथेनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल को एक्साइज ड्यूटी से छूट देने की घोषणा की

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।**

भारत सरकार ने एथेनॉल मिश्रित ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने 22 प्रतिशत, 25 प्रतिशत, 27 प्रतिशत और 30 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण वाले पेट्रोल (ई22, ई25, ई27 और ई30) को केंद्रीय उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) से छूट देने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, ई22, ई25, ई27 और ई30 ईंधन पर शून्य एक्साइज ड्यूटी लागू होगी, बशर्ते ये ईंधन भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) विनिर्देश आईएस 19850 के अनुरूप हों।



इसमें कहा गया है कि केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 5ए के तहत छूट प्रदान की गई है। नई व्यवस्था के तहत ई22 ईंधन में 78 प्रतिशत पेट्रोल और 22 प्रतिशत एथेनॉल होगा। इसी तरह ई25 में 25 प्रतिशत, ई27 में 27 प्रतिशत और ई30 में 30 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित रहेगा। यह छूट तभी मिलेगी जब पेट्रोल पर आवश्यक कर का भुगतान किया गया हो और मिश्रण में इस्तेमाल किए गए एथेनॉल पर लागू जीएसटी जमा किया गया हो।

सरकार का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब हाल ही में ई30 तक के एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के लिए मानकों को मंजूरी दी गई है। इससे भविष्य में अधिक एथेनॉल मिश्रण वाले ईंधनों के व्यावसायिक उपयोग का रास्ता साफ हो गया है।

यह कदम देश में ई20 कार्यक्रम से आगे बढ़कर अधिक एथेनॉल मिश्रण वाले ईंधन को अपनाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

भारत पहले ही पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ई20) का लक्ष्य तय समय से पहले हासिल कर चुका है। अब सरकार एथेनॉल मिश्रण का स्तर और बढ़ाने की संभावनाओं पर काम कर रही है, जिसका उद्देश्य कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करना, कार्बन उत्सर्जन घटाना और घरेलू जैव-ईंधन उद्योग को बढ़ावा देना है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य में पैदा हुई अनिश्चितताओं के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने का खतरा बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया 32 पैसे टूटकर 95.57 प्रति डॉलर पर खुला

**मुंबई , यूटर्न/ 11 जून ।** रुपया गुरुवार को शुरूआती कारोबार में 32 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.57 पर पहुंच गया। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। इसके अलावा विदेशी मुद्रा की निरंतर निकासी, घरेलू शेयर बाजारों के कमजोर रुख और डॉलर में मामूली मजबूती ने भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.55 प्रति डॉलर पर खुला और फिर टूटकर 95.57 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया बुधवार को 16 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.25 पर बंद हुआ था। अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने तथा घरेलू मुद्रा में और गिरावट को थामने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से रुपये को समर्थन मिला था।

### क्रूड 95 डॉलर के पार, बढ़ सकती है महंगाई

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक तेल बाजार में भारी उथल-पुथल मचा दी है। ईरान द्वारा अमेरिकी हमलों के जवाब में स्ट्रेट ऑफ हार्मुज बंद करने की धमकी के बाद कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, जिससे ब्रेंट क्रूड 95 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। यह एक दिन में लगभग 6 फीसदी की बढ़ोतरी है, जो ऊर्जा आपूर्ति में संभावित बाधाओं की आशंका को दशार्ती है। इस स्थिति से दुनिया भर में ऊर्जा सुरक्षा प्रभावित होने और भारत जैसे देशों में महंगाई बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है। ईरान ने अमेरिकी हमलों के जवाब में दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग, स्ट्रेट ऑफ हार्मुज को बंद करने की चेतावनी दी है, जहां से वैश्विक तेल और गैस का लगभग 20 फीसदी निर्यात होता है। हालांकि अमेरिकी सेना कुछ वाणिज्यिक जहाजों के आवागमन का दावा कर रही है.



## ऐप्पल ने की एआई आधारित कई नए फीचर्स की घोषणा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।** दिग्गज टेक कंपनी ऐप्पल ने डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कई नए फीचर्स और परफॉर्मेंस सुधारों की घोषणा की। ऐप्पल कंपनी ने प्रदर्शन को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया है, जिसमें स्क्रीन रिस्पॉन्स, मोबाइल ऐप लॉन्चिंग स्पीड, फाइल ट्रांसफर, सर्च इंडेक्सिंग और वाई-फाई स्विचिंग जैसी कई चीजें शामिल हैं। इस इवेंट में कंपनी ने नए आईओएस 27, वॉच ओएस 27 और पैड ओएस 27 का भी अनावरण किया। अब ऐप्स पहले से ज्यादा तेजी से खुलेंगे और फाइल इंपोर्ट, कॉपी व ट्रांसफर की प्रक्रिया भी बेहतर होगी। ऐप्पल ने सीपीयू शेड्यूलर को भी ऑप्टिमाइज किया है, जो आईफोन 11 तक के मॉडल्स को सपोर्ट करेगा और एआई फीचर्स के लिए अहम भूमिका अदा करेगा। सफारी ब्राउजर में अब एआई-आधारित नए फीचर्स दिए गए हैं। टैब विषय के आधार पर खुद ब खुद ग्रुप तैयार कर सकेंगे और संबंधित नए टैब्स भी उनसे जुड़ सकेंगे। वाइब एक्सटेंशन क्रिएशन फीचर से यूजर केवल एक्सटेंशन की डिटेल्स देंगे और सफारी एआई उसे तैयार कर देगा।

## अमेरिकी प्रॉपटेक कंपनी ओपनडोर भारत से समेट रही कारोबार, 250 कर्मचारियों की नौकरी पर संकट




**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।** अमेरिका की रियल एस्टेट प्रौद्योगिकी कंपनी ओपनडोर ने भारत में अपने कारोबार को बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) काज नेजातियन ने घोषणा की है कि भारत में स्थित भूमिकाओं को अब अमेरिका स्थित ग्राहकों के नजदीक स्थानांतरित किया जाएगा। कर्मचारियों को भेजे गए एक संदेश और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की गई पोस्ट में नेजातियन ने कहा कि व्यापक पुनर्गठन योजना के तहत कंपनी ने भारत में अपने सहयोगियों को विदाई देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने लिखा, 'आज हमने भारत में अपने सहयोगियों को अलविदा कहना शुरू किया है क्योंकि हम यहां अपना संचालन बंद कर रहे हैं। हमारे ग्राहक अमेरिका में हैं और हमारा परिचालन कार्य भी वहीं होना चाहिए।' सीईओ के अनुसार, कुछ महीने पहले जब कंपनी ने 'ओपनडोर 2.0' की शुरूआत की थी, तब भारत में उसके लगभग 250 कर्मचारी कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों के दौरान इनमें से कई भूमिकाओं को पहले ही अमेरिका स्थानांतरित किया जा चुका है और अब शेष पदों को भी ग्राहकों के नजदीक लाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस फैसले का असर भारत में कार्यरत सभी कर्मचारियों पर पड़ेगा।

# राष्ट्रीय राजमार्गों की देखरेख में आएगा क्रांतिकारी बदलाव

### सरकार ने तैनात किए एआई-संचालित सर्वेक्षण वाहन

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने देश भर में उन्नत नेटवर्क सर्वे वाहन (एनएसवी) तैनात किए हैं, जो 3डी लेजर-आधारित तकनीक से लैस हैं। इस पहल को भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क की डेटा-आधारित और सक्रिय रखरखाव प्रणाली की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

ये अत्याधुनिक वाहन लेजर प्रोफाइलर, जीपीएस प्रणाली, उच्च-रिजॉल्यूशन कैमरे और उन्नत 3डी लेजर सेंसर से सुसज्जित हैं, जिनका उद्देश्य राजमार्गों का सर्वेक्षण कर सड़कों की स्थिति का विस्तृत डिजिटल मानचित्र तैयार करना है। यह प्रणाली गड्ढों, दरारों, पैचवर्क और सड़क की सतह में मौजूद असमानताओं जैसी खामियों की पहचान कर सकती है, जिससे संबंधित एजेंसियां समय रहते सुधारात्मक कार्रवाई कर सकेंगी।

मंत्रालय के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना और सड़क सुरक्षा को मजबूत करना है। राष्ट्रीय राजमार्ग के कई गलियारों में पहले ही एनएसवी (नेशनल सर्विस व्हीकल) वाहन तैनात किए जा चुके हैं और उम्मीद है कि यह तकनीक सड़क परिसंपत्तियों की निगरानी और रखरखाव के तरीके को पूरी तरह बदल देगी।



पारंपरिक सर्वेक्षण पद्धतियों के जरिए प्रतिदिन केवल 20 से 80 किलोमीटर सड़क का निरीक्षण किया जा सकता था, जबकि नई पीढ़ी के ये वाहन प्रतिदिन 300 किलोमीटर तक सर्वेक्षण करने में सक्षम हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस बढ़ी हुई क्षमता से सड़क की खामियों का तेजी से पता लगाया जा सकेगा और मरम्मत कार्यों में लगने वाला समय भी काफी कम हो जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, यह तकनीक डेटा प्रोसेसिंग और रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया में भी बड़ा सुधार लेकर आई है। वाहनों द्वारा एकत्र किया गया कच्चा सर्वे डेटा एन्क्रिप्ट करके 48 घंटे के भीतर केंद्रीय एनएसवी केंद्र को भेज दिया जाता है।

इसके बाद पांच क्षेत्रों में तैनात विशेषज्ञ टीम इस डेटा का विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार करती है। पहले जहां यह पूरी प्रक्रिया 4 से 6 महीने में पूरी होती थी, अब इसे केवल 10 दिनों में पूरा किया जा सकता है। रिपोर्ट की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक रिपोर्ट को मंजूरी से पहले कड़ी गुणवत्ता जांच प्रक्रिया से भी गुजरना होगा।

## रेनॉल्ट ने हासिल की कुल बिक्री में 64 प्रतिशत की बढ़त

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।**

बीते महीने यानी मई 2026 में कार निमार्ता कंपनी रेनॉल्ट को भारतीय ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। सालाना आधार पर कंपनी ने कुल बिक्री में 64 प्रतिशत की मजबूत बढ़त हासिल करते हुए कुल 4,113 गाड़ियां बेचीं, जबकि ठीक एक साल पहले मई 2025 में यह आंकड़ा 2,502 यूनिट्स का था। मॉडल-वार बिक्री की बात करें तो हमेशा की तरह रेनॉल्ट ट्राइबर ने टॉप पोजीशन पर अपना कब्जा बरकरार रखा। ट्राइबर ने बीते महीने 34 पर्सेंट की सालाना बढ़ोतरी के साथ कुल 1,890 यूनिट्स की बिक्री की, जो मई 2025 के 1,411 यूनिट्स से काफी ज्यादा है। बता दें कि रेनॉल्ट ट्राइबर देश की सबसे सस्ती 7-सीटर एमपीवी भी है, जिसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। बिक्री की इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रेनॉल्ट डस्टर रही, जिसने इस दौरान कुल 1,267 यूनिट्स की बिक्री की। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि ठीक 1 साल पहले यानी मई 2025 में इस गाड़ी का खाता भी नहीं खुला था। वहीं, बिक्री की लिस्ट में तीसरे नंबर पर रेनॉल्ट काइगर रही, जिसने 19 पर्सेंट की सालाना बढ़ोतरी के साथ कुल 656 यूनिट्स



की बिक्री की। मई 2025 में यह आंकड़ा 551 यूनिट्स का था। हालांकि, कंपनी की सबसे छोटी कार रेनॉल्ट क्विड बिक्री की लिस्ट में चौथे और आखिरी नंबर पर रही, जिसमें भारी गिरावट दर्ज की गई। क्विड ने इस दौरान 44 पर्सेंट की सालाना गिरावट के साथ कुल 300 यूनिट्स की बिक्री की, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 540 यूनिट्स का था। मासिक आधार पर देखें तो अप्रैल 2026 की कुल बिक्री 5,413 यूनिट्स के मुकाबले रेनॉल्ट ने मई में 24 पर्सेंट की गिरावट दर्ज की है, लेकिन सालाना वृद्धि कंपनी के लिए एक सकारात्मक संकेत है। ट्राइबर के डिजाइन की बात करें तो एक कॉम्पैक्ट एमपीवी होने के बावजूद यह काफी मस्कुलर और स्टाइलिश दिखती है, जिसमें प्रोजेक्टर हेडलैंप और रूफ रेल्स इसे स्पोर्टी लुक देते हैं।

## समर्थ ई मोबिलिटी नए ईवी ब्रांड एवोर के साथ करेगी एंट्री

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जून ।**

इलेक्ट्रिक वाहन निमार्ता कंपनी समर्थ ई मोबिलिटी एक नए ईवी ब्रांड एवोर के साथ भारतीय बाजार में एंट्री करने की तैयारी में है। समर्थ ई मोबिलिटी की ओर से औपचारिक तौर पर इसकी घोषणा भी कर दी गई है। निमार्ता ने जानकारी दी है कि वह भारतीय बाजार में एवोर नाम के ब्रांड के साथ इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। नए ब्रांड एवोर की नई वेबसाइट भी लॉन्च कर दी गई है, जिसमें निमार्ता की ओर से आने वाली मोटरसाइकिल की पहली झलक को दिखाया गया है। इस मोटरसाइकिल में कई आधुनिक और दमदार खासियतें शामिल होंगी। निमार्ता की ओर से बताया गया है कि यह इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल 10.5 किलोवाट की क्षमता की मोटर के साथ आएगी, जिसे 5केडब्ल्यूएच क्षमता की बैटरी से पावर मिलेगी। यह बैटरी आईपी 67 रेटिंग के साथ आएगी, जो इसकी सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करती है। तकनीकी फीचर्स की बात करें तो, इस मोटरसाइकिल में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के साथ ही डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, नेविगेशन सिस्टम और कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को भी देखा जा सकेगा, जिससे राइडर का अनुभव बेहतर होगा।

हालांकि निमार्ता की ओर से अभी इसकी सटीक लॉन्च तिथि की जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन यह जल्द ही अपनी मोटरसाइकिल को भारत में लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। इस मोटरसाइकिल को विशेष रूप से 125 से 200 सीसी सेगमेंट की पारंपरिक (आईसीई) मोटरसाइकिलों के एक दमदार इलेक्ट्रिक विकल्प के तौर पर लॉन्च किया जाएगा।

बता दें कि यह नया ब्रांड एवोर विशेष रूप से इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल सेगमेंट में कदम रखेगा और सीधे ओला और रिवाल्ट जैसे स्थापित खिलाड़ियों को कड़ी चुनौती देने की योजना बना रहा है।

# सलीम वास्तिक का वीडियो वायरल

## कहा तिहाड़ से बाहर आ गया हूं, तुम कमर कस लो

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।**



नाबालिग की अपहरण के बाद हत्या के दोषी यू-ट्यूबर सलीम वास्तिक का 44 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बुधवार को तेजी से वायरल हुआ। उसमें सलीम ने समुदाय विशेष पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अपने समुदाय के लोगों को तरक्की के रास्ते पर ले जाऊंगा। उधर, स्थानीय अधिकारियों ने जमानत या जेल से छूटने की जानकारी से इंकार किया है। वहीं, यूटर्न वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

दरअसल, दिल्ली पुलिस अपराध शाखा ने 1195 में व्यापारी के बेटे संदीप बंसल (13) अपहरण और हत्या के मामले में दोषी यूट्यूबर सलीम वास्तिक 24 अप्रैल की रात लोनी से गिरफ्तार किया था। साल 1997 में अदालत ने दोषी मानते हुए सलीम खान और उसके साथी अनिल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय से वर्ष 2000 में अंतरिम जमानत मिलने के बाद सलीम भागा हुआ था।

वायरल वीडियों में सलीम ने समुदाय विशेष पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जगह देख लो, कौन सी है। तिहाड़ जेल के बाहर की... मैं बाहर आ गया हूं। तुम लोगों का टाइम आ गया है कमर कसने का, तुम लोगों की प्लानिंग को मैं खत्म करूंगा। मैं मुस्लमानों को पढ़ाई और तरक्की की तरफ लेकर जाऊंगा। तुम लोग मुस्लमानों को जिहादी बना रहे हो। उन लोगों को तरक्की के रास्ते पर ले जाऊंगा। मेरा खुला चैलेंज है जो कर सकते हो कर लो, जय हिंद। स्थानीय अधिकारियों ने जमानत या जेल से छूटने की जानकारी होने से इंकार किया है।

# शॉर्ट-सर्किट से फर्नीचर फैक्टरी में लगी आग, करोड़ों का नुकसान, तीन वाहन भी जले

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।**



लिंकरोड थानाक्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 में फर्नीचर की फैक्टरी में बुधवार सुबह करीब 5 बजे आग लगी और भगदड़ मच गई। मात्र 15 मिनट में आग ने पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। आग की पलटें आबादी की ओर बढ़ी, लेकिन दमकल टीम ने काबू पा लिया। फैक्टरी का सारा सामान जलकर राख हो गया और कार समेत तीन वाहन भी जल गए। आसपास के मकानों के शीशे भी चटक गए तो लोग घरों से बाहर चले गए। फैक्टरी में फर्नीचर, लकड़ी, थिनर और पॉलिश की वजह से आग काफी तेज रही। दमकल की शुरूआती जांच में शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फैक्टरी पश्चिम बंगाल के मूल निवासी सादुल की है। बुधवार सुबह करीब 4:55 बजे सोफा फैक्टरी में आग की सूचना मिली तो टीम मौके भेजी गई, लेकिन जब तक भीषण हो चुकी थी। जलने से टिनशेड की वजह से आग दमकलकर्मियों को बुझाने में भी दिक्कतें हुईं। इसके बाद जेसीबी से टिनशेड हटाकर आग बुझाने का काम शुरू किया जा सका। सीएफओ ने बताया कि फैक्टरी में फायर सिस्टम लगाना तो दूर अग्नि सुरक्षा उपकरण तक नहीं थे। आसपास रिहायशी इलाके की वजह से लोगों को घरों से निकालकर दूर भेज दिया गया था।

फैक्टरी अग्निशमन सुरक्षा मानकों के तहत नहीं आती। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### शिफ्ट हो रहा था काम, रात ही आया था कच्चा माल

फैक्टरी मालिक सादुल ने बताया कि उनकी मुख्य फैक्टरी दिल्ली में संचालित है, लेकिन वहां से उसे साहिबाबाद शिफ्ट कर रहे हैं। अधिकतर मशीनें दिल्ली की फैक्टरी से हटाकर यहां लगा दी गई थीं। मंगलवार देर रात करीब 2:30 बजे ही फैक्टरी में मोटी रकम का कच्चा माल भी पहुंचाया था।

### तीन दिन पहले ही लौटे थे कारीगर, सो रहा था गार्ड

सादुल ने बताया कि बकरीद पर वह अपने परिवार के साथ गांव गए हुए थे। उनके कारीगर और कर्मचारियों ने भी तीन दिन पहले ही छुट्टी से लौटकर काम शुरू किया था। मंगलवार रात फैक्टरी में कच्चा माल उतारकर रखने के बाद कर्मचारी पास में ही बने कमरों में सोने चले गए थे। चौकीदार राम विलास फैक्टरी का गेट बंद करके केबिन में सो गए। सुबह करीब 4:45 बजे शोर सुनकर उनकी आंख खुली तब आग का पता चला। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग के बाद कई लोगों ने दमकल विभाग का नंबर लगाया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। काफी देर बाद नंबर लगा तो सूचना दी जा सकी।

# नए पोलियो अभियान की तैयारी

## पुराने भुगतान को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों में नाराजगी



» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।**

जिले में 28 जून से प्रस्तावित नए पोलियो अभियान की तैयारियां शुरू हो गई हैं, लेकिन पिछली ड्यूटी का भुगतान लंबित होने से स्वास्थ्यकर्मियों में नाराजगी बढ़ रही है। दिसंबर 2025 में संचालित पोलियो अभियान में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों का आरोप है कि अब तक उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इसको लेकर उन्होंने सीएमओ और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर जल्द भुगतान की मांग उठाई है।

स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि दिसंबर 2025 में चले पोलियो राउंड के दौरान शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजपुर प्रथम और द्वितीय के स्टाफ की ड्यूटी अभियान में लगाई गई थी। कर्मचारियों ने घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने और अभियान से जुड़े अन्य कार्यों को पूरा किया, लेकिन छह माह बीतने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। उनका कहना है कि इससे आर्थिक परेशानियां बढ़ रही हैं। कर्मचारियों का कहना है कि अब एक बार फिर 28 जून से पोलियो अभियान शुरू होने जा रहा है, ऐसे में पुराने भुगतान लंबित रहने से असंतोष का माहौल है। उनका कहना है कि विभाग को पहले पुराने बकाये का निस्तारण करना चाहिए।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि दिसंबर 2025 के पोलियो अभियान की समाप्ति के बाद बजट संबंधित इकाइयों को पोर्टल के माध्यम से आवंटित किया जा चुका है। भुगतान की प्रक्रिया संबंधित पोलियो प्रभारी और एनयूएचएम अनुभाग स्तर से की जानी है। सीएमओ डॉ. सचिन वैश्य ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी का भुगतान लंबित है तो उसकी जानकारी लेकर जल्द भुगतान सुनिश्चित कराया जाएगा।

# चलती बाईक, कबाड़ और कूड़े में लगी आग

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 11 जून ।**



साइबर सिटी में बुधवार को तीन स्थानों पर आग लगने की घटना हुई। हालांकि, गनीमत रही की हादसों में कोई हताहत नहीं हुआ। चलती बाइक, कबाड़ और कूड़े में यह आग लगी। बाइक हादसे में पूरी तरह जल गई। सूचना मिलने पर सेक्टर-29 फायर स्टेशन से दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई।

सेक्टर-70 स्थित ट्यूलिप चौक के पास एसपीआर रोड पर चलती बुलेट बाइक में बुधवार की दोपहर को अचानक आग लग गई। बाइक से धुआं व आग लपटें निकलती देख चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। सूचना पर एक दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह से जल गई थी। वहीं, सेक्टर-57 में ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारियां नीचे पड़े पत्तों व अन्य कबाड़ पर गिर गई, जिससे वहां आग लग गई। इसी तरह सेक्टर-51 स्थित एक प्लॉट में कूड़े में आग लग गई। सूचना पर सेक्टर-29 फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर भेजी गई। दमकल टीमों ने काफी मशक्कत के बाद लगी आग पर काबू पाया लिया।

# 36 घंटे से बिजली गुल, दिन का चैन और रात की नींद हुई गायब

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।** इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में बिजली कटौती ने लोगों का दिन का चैन और रात की नींद छीन ली है। 36 घंटे से कॉलोनी में बिजली गुल है। लोगों का आरोप है कि चार घंटे आई तो वह भी ट्रिपिंग ओर वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। वहीं, बड़ी बात यह है कि कटौती बदस्तूर जारी है, लेकिन बिल में कोई कमी नहीं है। बिल अभी भी पांच हजार के पार ही आ रहा है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सतीश भारद्वाज ने बताया कि कॉलोनी में आए दिन बिजली कटौती ने लोगों को परेशान कर दिया है। लोगों ने रात और दिन दोनों से समय बिजली घर पर ऊर्जा निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिकारियों से शिकायत की, इसके बाद नया ट्रांसफार्मर कॉलोनी में लगाया गया। रोस्टर भी बनाया गया। इस रोस्टर के



अनुसार आपूर्ति हो लेकिन फिर दो दिन से वही स्थिति बनी हुई। थोड़ी सी तेज हवा चलते ही आपूर्ति बंद हो जाती है।

# इमरजेंसी में युवती का हंगामा, डॉक्टरों पर चाकू से हमले के प्रयास

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।**

एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में बुधवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बीपी जांच कराने पहुंची एक युवती ने अचानक हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि युवती ने उग्र होकर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों पर चाकू से हमला करने का प्रयास किया और इमरजेंसी कक्ष में रखे दस्तावेज इधर-उधर फेंक दिए। घटना के चलते करीब एक घंटे तक अस्पताल की इमरजेंसी व्यवस्था प्रभावित रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवती को हिरासत में लेकर स्थिति



नियंत्रित की।

अस्पताल के सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि साहिबाबाद के राजबाग कॉलोनी निवासी 21 वर्षीय निधि सिंह बुधवार दोपहर करीब पौने तीन बजे एमएमजी अस्पताल पहुंची थी। बताया गया कि वह रक्तचाप (बीपी) जांच कराने के लिए इमरजेंसी में आई थीं, लेकिन उस समय बीपी मशीन पर महिला स्टाफ उपलब्ध नहीं थी। इसी दौरान युवती अचानक उत्तेजित हो गई और इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुकेश और डॉ. शेखर के साथ अभद्र व्यवहार करने लगी।

आरोप है कि उसने चाकू निकालकर डॉक्टरों की ओर हमला करने की कोशिश की। हंगामे के दौरान युवती ने डॉक्टरों की मेज पर रखे महत्वपूर्ण कागजात फेंक दिए और डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर असामान्य व्यवहार करने लगी।

पूरी घटना अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। सीएमएस ने घटना को गंभीर बताते हुए अस्पताल में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने की आवश्यकता जताई है। वहीं पुलिस ने बताया कि युवती के पिता वीर बहादुर सिंह ने बताया कि उनकी बेटी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या से पीड़ित है। उसका इलाज दिल्ली स्थित मानसिक स्वास्थ्य संस्थान इबहास में चल रहा है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## कारोबारी और ड्राइवर पर जानलेवा हमला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।** धौज थाना क्षेत्र के गांव पावटा स्थित एक फार्म हाउस पर हिस्सेदारी विवाद को लेकर कारोबारी पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि बुधवार को प्राथमिक की दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-10 निवासी सौरभ गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 5 जून की सुबह जब वह अपने ड्राइवर अमर के साथ फार्म हाउस पर पहुंचे तो राहुल सूरी और डॉ. विकास शर्मा ने निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया। विरोध करने पर दोनों ने 6-7 अन्य लोगों को बुला लिया, जिनके हाथों में लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी थीं। आरोप है कि सभी ने मिलकर उनके और उनके चालक के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

## इलेक्ट्रॉनिक सामान हुआ महंगा, व्यापारियों की बढ़ी चिंता

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 जून ।** वैश्विक तनाव और कच्चे माल की कीमतों में लगातार हो रहे इजाफे का सीधा असर अब स्थानीय बाजार पर दिखने लगा है। जिले के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी इन दिनों दोहरी मार झेल रहे हैं। बाजार में पंखे, कूलर, बैटरी और वायरिंग के सामान समेत लगभग सभी इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के दाम 20 से 25 फीसदी तक बढ़ गए हैं। व्यापारियों का कहना है कि लागत बढ़ने से उनका मुनाफा सिकुड़ गया है और बाजार में लागत ज्यादा लगानी पड़ रही है। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक, जो माल पहले एक लाख रुपये में आ जाता था, उसके लिए अब सवा लाख रुपये तक चुकाने पड़ रहे हैं। निवेश बढ़ने के बावजूद उनका लाभांश जस का तस है। कई चीजों पर तो पहले से कम भी हो गया है। बाजार में सबसे ज्यादा उछाल वायरिंग के इस्तेमाल में आने वाले कॉपर वायर (तार) और पाइप में देखा जा रहा है। दुकानदार संजीव चावला ने बताया कि जो तार पहले एक हजार रुपये में मिलता था, उसकी कीमत अब बढ़कर 1,500 से 1,600 रुपये तक पहुंच गई है। इसके अलावा पावर बैकअप के लिए इस्तेमाल होने वाली जो बैटरी पहले नौ हजार रुपये में आती थी, उसके दाम अब 10 हजार रुपये हो चुके हैं। वहीं वायरिंग के पाइप का जो बंडल पहले एक हजार रुपये का था, वह अब 1,300 रुपये में मिल रहा है। व्यापारी करण भाटिया ने बताया कि महंगाई की मार छोटे-बड़े हर आइटम पर है। रोजमर्रा की जरूरत का एलईडी बल्ब जो पहले 50 रुपये का मिलता था, अब उसके लिए ग्राहकों को 60 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं।



## फिर दुल्हन बनेंगी जेनिफर विंगेट

टीवी जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री जेनिफर विंगेट अपनी निजी जिंदगी को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। खबर है कि वह जल्द ही दूसरी शादी के बंधन में बंध सकती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, जेनिफर सिंगापुर के एक जाने-माने बिजनेसमैन, विलियम इस्माइल, के साथ अपना नया जीवन शुरू करने की तैयारी में हैं। हालांकि, अभी तक अभिनेत्री की ओर से इस खबर की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। जेनिफर ने बहुत कम उम्र में एक चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। उन्होंने कसौटी जिंदगी की में श्वेता तिवारी की ऑनस्क्रीन बेटी का किरदार निभाकर पहचान बनाई और फिर दिल मिल गए, बेहद तथा बेपनाह जैसे सफल धारावाहिकों से घर-घर में अपनी जगह बनाई। आज भी वह टीवी की सबसे पसंदीदा और सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। करीब 12 साल पहले अभिनेता करण सिंह ग्रोवर से तलाक के बाद से वह अकेली थीं, और अब लग रहा है कि उनके जीवन में फिर से प्यार ने दस्तक दी है।



## रानी ने बचपन में ही देख लिया था कुछ बडा करने का सपना

बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए एक बेहद भावुक और हृदयस्पर्शी किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वे बहुत छोटी थीं, तभी से उनके मन में यह गहरा सपना था कि वे जीवन में कुछ बहुत बड़ा करें, ताकि अपने मम्मी-पापा को हर खुशी और ऐशो-आराम दे सकें, जिनकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। रानी मुखर्जी इन दिनों सोशल मीडिया पर अपने एक पुराने इंटरव्यू के कारण चर्चा में हैं। इस इंटरव्यू में रानी ने खुलासा किया कि बचपन में जब भी वे किसी दुकान पर जाती थीं और उनका मन किसी खिलौने या किसी अन्य चीज को खरीदने का करता था, तो उनकी पहली प्रतिक्रिया अपनी मां के चेहरे को देखना होती थी। अगर उन्हें जरा भी यह अंदाजा होता था कि उनकी मां के पास उस वक्त उतने पैसे नहीं हैं या वे उसे खरीदने में असमर्थ होंगी, तो रानी चुपचाप अपनी इच्छाओं का दमन कर लेती थीं। वे कभी भी रोने-धोने या जिद करने का नाटक नहीं करती थीं, बल्कि अपनी भावनाओं को अंदर ही दबा लेती थीं।

# जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने जैकलीन फर्नांडिस की याचिका पर सुनवाई से खुद को किया अलग

200 करोड़ रुपए के चर्चित मनी लॉन्ड्रिंग और जबरन वसूली मामले में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। अब यह मामला नई पीठ के समक्ष रखा जाएगा।

जानकारी के अनुसार, जैकलीन फर्नांडिस की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई नहीं कर सकते, क्योंकि इस प्रकरण से जुड़े एक अन्य मामले में उनका बेटा वकील है। ऐसे में निष्पक्षता ध्यान में रखते हुए उन्होंने खुद को सुनवाई से अलग करने का फैसला किया है

अब इस मामले की सुनवाई दूसरी पीठ करेगी। जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने मामले को 24 जून के लिए सूचीबद्ध किया है। अब नई बेंच यह तय करेगी कि जैकलीन फर्नांडिस की याचिका पर आगे क्या रुख अपनाया जाए।

जैकलीन फर्नांडिस ने दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के 30 मई के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। ट्रायल कोर्ट ने अपने आदेश में जैकलीन, सुकेश चंद्रशेखर, उसकी पत्नी लीना पॉल और 14 अन्य आरोपितों के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का निर्देश दिया था। इसी आदेश के खिलाफ अभिनेत्री सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं।


जैकलीन का कहना है कि उपलब्ध तथ्यों और सबूतों के आधार पर उनके खिलाफ आरोप तय किया जाना उचित नहीं है, जिसके चलते उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग की।

यह पूरा मामला 200 करोड़ की जबरन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है, जिसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है। जांच एजेंसी का आरोप है कि सुकेश चंद्रशेखर ने जेल में रहते हुए एक कारोबारी की पत्नी से करीब 200 करोड़ रुपए की ठगी और वसूली की थी। ईडी का दावा है कि इस कथित अपराध से प्राप्त धन का इस्तेमाल कई लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया।

जांच एजेंसी के अनुसार, जैकलीन फर्नांडिस को भी सुकेश चंद्रशेखर की ओर से करोड़ों रुपए की कीमत के महंगे उपहार मिले थे। आरोप है कि इन उपहारों में लग्जरी कारें, कीमती गहने, महंगे ब्रांड के बैग और अन्य महंगी चीजें शामिल थीं।

ईडी ने यह भी दावा किया है कि जैकलीन के परिवार के कुछ सदस्यों को भी आर्थिक लाभ पहुंचाया गया था। अभिनेत्री की बहन के विदेशी बैंक खाते में बड़ी रकम भेजी गई, जबकि उनके भाई के खाते में भी धनराशि जमा कराई गई थी। हालांकि जैकलीन फर्नांडिस लगातार इन आरोपों से इनकार करती रही हैं।





# अफगानिस्तान के खिलाफ पहले एकदिवसीय में उतरते ही रोहित बनायेंगे रिकार्ड

**मुम्बई, यूटर्न/ 11 जून ।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा शनिवार को अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले एकदिवसीय में उतरते ही एक नया रिकार्ड अपने नाम कर लेंगे। इसी के साथ ही रोहित सबसे अधिक उम्र में एकदिवसीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन जाएंगे। रोहित ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है और अब उनका इस मैच में खेलना तय है। रोहित मैदान में उतरते ही दिग्गज बल्लेबाज रहे मोहिंदर अमरनाथ का सबसे अधिक उम्र में एकदिवसीय खेलने का रिकार्ड तोड़ देंगे। रोहित अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरते ही 39 साल और 44 दिन की उम्र में खेलने वाले क्रिकेटर बन जाएंगे। इससे पहले, यह रिकॉर्ड 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे मोहिंदर अमरनाथ के नाम दर्ज था। अमरनाथ ने भारत के लिए अपना आखिरी एकदिवसीय 1989 में 39 साल और 36 दिन की उम्र में खेला था। इस सीरीज में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के अलावा ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या चोट के चलते नहीं खेलेंगे। रोहित की नजरें इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर अब अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने पर लगी रहेंगी। उनका लक्ष्य भारत को 2027 विश्व कप का खिताब जिताकर इस प्रारुप से संन्यास लेने का है। इसी कारण वह अपनी फिटनेस का भी पूरा ध्यान रख रहे हैं।



# लिविंगस्टोन अब लंदन स्पिरिट की कप्तानी करते दिखेंगे

**लंदन, यूटर्न/ 11 जून ।** इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन अब द हंड्रेड क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में लंदन स्पिरिट की कप्तानी करते दिखेंगे। आईपीएल 2025 की विजेता टीम के सदस्य रहे लिविंगस्टोन का लक्ष्य ऐसे में लॉर्ड्स में अपनी टीम को जीत दिलाना रहेगा। लिविंगस्टोन अभी अच्छे फॉर्म में हैं और इसी कारण से उन्हें टीम की कमान सौंपी गयी है। इसकी घोषणा लंदन स्पिरिट ने एक विशेष वीडियो के जरिये की है। लिविंगस्टोन ने कहा, मैं इस गर्मी में लंदन स्पिरिट की कप्तानी करने को लेकर बेहद से उत्साहित हूं। लॉर्ड्स सिर्फ एक मैदान नहीं, बल्कि क्रिकेट का एक पवित्र स्थल है जहां यहां आने वाले दर्शक हर मैच को यादगार बना देते हैं। हमारी टीम में असाधारण प्रतिभा है, और मेरा लक्ष्य इस सीजन में इतिहास रचना है। इससे साफ है कि झलकता है कि वह इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं और टीम को प्रेरित करने के लिए उत्सुक हैं। लंदन स्पिरिट के इतिहास में लिविंगस्टोन चौथे ऐसे खिलाड़ी होंगे जिन्हें यह महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी गई है। उनसे पहले इयोन मॉर्गन, डेनियल लॉरेंस और केन विलियमसन जैसे दिग्गज इस टीम की कप्तानी संभाल चुके हैं। मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने भी लिविंगस्टोन पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया। फ्लावर ने कहा, लियाम मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह एक शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### होर्मुज स्ट्रेट के पास टैंकर पर हमले की आईएमओ ने की निंदा

**लंदन, यूटर्न/ 11 जून ।** अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) ने होर्मुज स्ट्रेट के पास एक टैंकर पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। इस हमले के बाद कथित तौर पर तीन लोग लापता हैं। आईएमओ ने अपने एक बयान में कहा कि पलाऊ के झंडे वाले टैंकर एमटी सेटेबेलो में आग लग गई, क्योंकि ओमान के तट के पास कथित तौर पर उस पर एक प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ था। आईएमओ के महासचिव आर्सेनियो डोमिंग्वेज ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों की जान और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली कोई भी हरकत बिल्कुल अस्वीकार्य है। डोमिंग्वेज ने इस बात पर जोर दिया कि नाविकों, नागरिक जहाजों और नेविगेशन की आजादी की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग को प्रभावित करने वाली सभी कार्रवाइयों में अंतरराष्ट्रीय कानून और समुद्र में जीवन की सुरक्षा का पूरा सम्मान किया जाना चाहिए।

### डीआर कांगो में इबोला के मामले बढ़कर 635 हुए, 30 मरीज ठीक हुए

**किंशासा, यूटर्न/ 11 जून ।** लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो (डीआर कांगो) में इबोला वायरस के मामलों की संख्या बढ़कर 635 हो गई है। देश के स्वास्थ्य मंत्री रोजर कांबा ने यह जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि बंडिबुग्यो इबोला वायरस से फैला यह प्रकोप अभी भी चुनौती बना हुआ है, लेकिन मरीजों के ठीक होने की संख्या बढ़ रही है और संक्रमित लोगों के संपर्क में आए लोगों की निगरानी भी बेहतर हो रही है। स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, निगरानी में रखे जा रहे संपर्कों का प्रतिशत बढ़कर 61.1 फीसदी हो गया है, जो एक दिन पहले 56.4 फीसदी था।

# महंगाई और वेतन असमानता के खिलाफ बलूचिस्तान में कर्मचारियों का आंदोलन

» **क्वेटा, यूटर्न/ 11 जून ।**




पाकिस्तान के बलूचिस्तान में विभिन्न सरकारी कर्मचारी संगठनों और ट्रेड यूनियनों के महागठबंधन ने मांगों और कर्मचारियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई के विरोध में दो दिन के प्रदर्शन और धरना शिविरों की घोषणा की है। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार ड्राडॉनह्न की रिपोर्ट के अनुसार, गठबंधन के आयोजक अब्दुल कुद्दूस काकर ने बताया कि बलूचिस्तान में विरोध प्रदर्शन गुरुवार से शुरू हो गया, जबकि 15 जून को धरना दिया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों और आम लोगों की समस्याओं को हल करने में सरकार की ह्यनाकामीह्न की आलोचना की।

गठबंधन ने महंगाई के अनुसार न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग की है। साथ ही, संघीय और प्रांतीय कर्मचारियों के बीच वेतन में मौजूद असमानता खत्म करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि एक ही ग्रेड के कर्मचारियों को समान वेतन और सुविधाएं मिलनी चाहिए।

इससे पहले दो जून को ऑल गवर्नमेंट एम्प्लॉइज ग्रैंड अलायंस (एजीईजीए) पंजाब के नेताओं ने कहा था कि पाकिस्तान में लगातार बढ़ती महंगाई के कारण सरकारी कर्मचारियों की खरीदने की क्षमता काफी कम हो गई है, जिससे सीमित आय में घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है।

पाकिस्तान के एक अन्य प्रमुख अखबार ह्यद एक्सप्रेस ट्रिब्यूनह्न की रिपोर्ट के अनुसार, एजीईजीए नेतृत्व ने दो जून को जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि पंजाब और अन्य प्रांतों के सरकारी कर्मचारियों को अब तक संघीय बजट 2025-26 में घोषित 30 प्रतिशत ह्यडिस्पैरिटी अलाउंसह्न नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से अवकाश नकदीकरण के नियमों में किए गए हालिया बदलावों से कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले महत्वपूर्ण लाभों से वंचित होना पड़ा है। गठबंधन का आरोप है कि पंजाब के सेवानिवृत्त और वर्तमान कर्मचारियों की पेंशन, ग्रेच्युटी और लीव एनकैशमेंट के लाभों में कटौती की जा रही है। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मांग की है कि संघीय बजट 2026-27 में सरकारी कर्मचारियों के लिए राहत देने वाले कदमों की घोषणा की जाए।

ह्यद एक्सप्रेस ट्रिब्यूनह्न की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने मांग की है कि संघीय बजट 2025-26 में घोषित 30 प्रतिशत डिस्पैरिटी अलाउंस को सभी प्रांतों के कर्मचारियों तक बढ़ाया जाए, इसके अलावा 15 प्रतिशत अतिरिक्त वृद्धि दी जाए और पेंशन सुधारों को वापस लिया जाए।



### लेबनान संकट के बीच यूनाइटेड नेशंस की 'यूनिफॉर्म्ड मौजूदगी' बनाए रखना जरूरी: यूएन महासचिव

**यूनाइटेड नेशंस, यूटर्न/ 11 जून ।** एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि यूनाइटेड नेशंस की 'यूनिफॉर्म्ड मौजूदगी' को बनाए रखना जरूरी है, खासकर तब जब 'यूनाइटेड नेशंस इंटेरिम फोर्स इन लेबनान' (यूएनआईएफआईएल) का कामकाज इस साल के अंत में खत्म होने की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। 'यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल' में बुधवार (स्थानीय समय) को मध्य पूर्व की स्थिति पर हुई खुली बहस में बोलते हुए गुटेरेस ने कहा कि यह इलाका लगातार गंभीर संकट की ओर बढ़ रहा है और इसके नतीजे सिर्फ इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि दुनिया के बाकी हिस्सों पर भी असर डालेंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत चिंता है कि यह स्थिति फिर से बड़े युद्ध में बदल सकती है।' सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गुटेरेस ने चेतावनी दी कि मध्य पूर्व में बढ़ता तनाव सीमाओं से बाहर भी असर डाल रहा है। उन्होंने कहा कि इस पूरे क्षेत्र के लोगों को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ रही है और इसका असर दुनिया के सबसे कमजोर देशों और समुदायों पर भी पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मार्च के बाद से लेबनान में हालात और बिगड़े हैं। इस दौरान इजरायल ने लेबनान के अंदर अपने सैन्य अभियान तेज किए हैं, जबकि हिज्बुल्लाह ने भी इजरायल की ओर गहरे इलाकों तक हमले किए हैं।

## फर्जी लाइसेंस से 16 साल उड़ाए हवाई जहाजः पूर्व कनाडाई पायलट गिरफ्तार

» **टोरंटो, यूटर्न/ 11 जून ।**

एयर कनाडा के पूर्व कप्तान 59 वर्षीय ज्योफ्री वॉल को कथित तौर पर 16 साल तक बड़े यात्री विमानों को फर्जी एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) के साथ उड़ाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पील क्षेत्रीय पुलिस ने प्रोजेक्ट इकारस नामक एक विस्तृत जाँच के बाद 1 जून को वॉल को हिरासत में लिया।

पुलिस के अनुसार, वॉल ने 1998 में अपना विमानन करियर शुरू किया था और 2009 में कप्तान के पद पर नियुक्त हुए थे।




पद के लिए एटीपीएल अनिवार्य था, लेकिन आरोप है कि उन्होंने नकली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके अपनी योग्यता में कमी छिपाई। वॉल पर एयर कनाडा और ट्रांसपोर्ट कनाडा जैसी नियामक संस्थाओं को जाली लाइसेंस दिखाकर गुमराह करने का आरोप है। जांच के दौरान उन्होंने पुलिस को भी भ्रामक जानकारी देने की कोशिश की।

2009 से अपनी गिरफ्तारी तक, वॉल ने 900 से अधिक घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में बोइंग 767, 777 और 787 जैसे विमानों के कप्तान के रूप में हजारों यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुँचाया। इस अवधि में उन्होंने अनुमानित 30 लाख कनाडाई डॉलर का वेतन भी अर्जित किया।

### अगर हम हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे, तो चीन एक नकली दलाई लामा को सामने लाएगा: मैककॉल

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 11 जून ।** अमेरिकी नीति को मजबूत करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी के एक वरिष्ठ लॉमेकर ने एक संशोधन पेश किया है। इस नीति के तहत, दलाई लामा के उत्तराधिकारी का चयन पूरी तरह से तिब्बती बौद्ध अधिकारियों की ओर से तय किया जाने वाला एक धार्मिक मामला है। लॉमेकर ने चेतावनी दी है कि चीन, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के प्रति वफादार उत्तराधिकारी को नियुक्त करने की कोशिश कर सकता है। इस हफ्ते हाउस फॉरेन अफेयर्स कमिटी की बैठक में बोलते हुए कमिटी के चेयरमैन माइकल मैककॉल ने लॉमेकर्स से इस संशोधन का समर्थन करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इससे यह साफ हो जाएगा कि अमेरिकी सरकार दलाई लामा के उत्तराधिकार को पूरी तरह से उनके कार्यालय की ओर से तय किया जाने वाला एक आध्यात्मिक मामला मानती है, न कि बीजिंग की ओर से। मैककॉल ने कहा, '2024 में, मैंने भारत के धर्मशाला में एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। इस दौरान दलाई लामा से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। दलाई लामा सबसे असाधारण लोगों में से एक हैं। वे गर्मजोशी, बुद्धिमत्ता और हास्य-विनोद से भरे हुए हैं। मुलाकात को याद करते हुए मैककॉल ने कहा कि एक समय उन्होंने मेरी ओर देखा और मुस्कुराए और मुझसे कहा कि वे 110 साल तक जीने की योजना बना रहे हैं।' उन्होंने कहा कि दलाई लामा के स्वास्थ्य और लंबी उम्र के बावजूद उत्तराधिकार के मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लॉमेकर ने आगे कहा कि मुझे उम्मीद है कि वे सही हैं।





## फिलीपींस के विनाशकारी भूकंप में अब तक 47 की मौत, सैकड़ों घायल

» **मनीला, यूटर्न/ 11 जून ।**

फिलीपींस के दक्षिणी द्वीप क्षेत्र मिंडानाओ तट के पास सोमवार को आए 7.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। देश की आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, इस आपदा में अब तक 47 लोगों की मौत हो चुकी है, 31 लापता हैं और 688 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट काउंसिल (एनडीआरआरएमसी) ने गुरुवार को बताया कि 75,000 से अधिक परिवार भूकंप पीड़ित हैं, जबकि लगभग 3.46 लाख लोगों पर इसका सीधा असर पड़ा है। 45,000 से ज्यादा लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा और 12,600 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। भूकंप के बाद 45 अन्य घटनाएं भी दर्ज की गईं, जिनमें अधिकांश भूस्खलन (लैंडस्लाइड) से जुड़ी थीं। कई सड़कें, पुल, एक हवाई अड्डा और दो बंदरगाह प्रभावित हुए हैं, जिससे राहत और बचाव कार्यों में भी मुश्किलें आ रही हैं। इसके अलावा



कृषि, पशुपालन और मत्स्य उद्योग को भी भारी नुकसान पहुंचा है। 48 शहरों और नगरपालिकाओं में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्कैनोलॉजी एंड सिसमोलॉजी के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 7:37 बजे आया। इसका केंद्र मासिम तट से लगभग 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में और 33 किलोमीटर की गहराई पर था। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में जनरल सैंटोस शामिल है, जहां कई इमारतों को नुकसान पहुंचा। एक दो-मंजिला स्कूल भवन ढह गया, जिसमें छात्रों के फंसे होने की आशंका जताई गई। अधिकारी घटना की पुष्टि और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमलों में 18 लोगों की मौत, कई घायल

**बेरूत, यूटर्न/ 11 जून ।** इजरायल और लेबनान के बीच जारी सीमा पर संघर्ष में दक्षिणी लेबनान में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई है और कई अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी नागरिक सुरक्षा और स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी है। सिन्हुआ ने लेबनान की नेशनल न्यूज एजेंसी का हवाला देते हुए बताया, सबसे घातक हमला टायर डेबबा शहर कस्बे में हुआ, जहां शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक नौ लोगों की मौत हुई और सात अन्य घायल हो गए। हिज्बुल्लाह ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) कहा कि उसने दक्षिणी लेबनान के कंतारा और बयादा इलाकों में इजरायली सैनिकों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया। वहीं, इजरायली सेना ने बुधवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में टायर और दक्षिणी लेबनान के अन्य इलाकों में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमला किया और उसके कई लड़ाकों को मार गिराया।

## गाजा से मेडिकल इवैक्यूएशन की तैयारी, राफा चौकी को दोबारा खोला गया: संयुक्त राष्ट्र

» **संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 11 जून ।**

राफा चौकी को दोबारा खोल दिया गया है। इसके खुलने के बाद गाजा से जरूरतमंद मरीजों के मेडिकल इवैक्यूएशन (चिकित्सा हेतु निकासी) में मदद मिलेगी। राहत कार्यों से जुड़े संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इससे संबंधित तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) के



अनुसार, मिस्र की सीमा स्थित रफा क्रॉसिंग को इजरायली अधिकारियों द्वारा दो दिनों तक बंद रखने के बाद सीमित संख्या में लोगों के लिए दोनों दिशाओं में यात्रा हेतु फिर से खोल दिया गया है। गाजा लौटने वाले लोगों को भी सहायता प्रदान की गई। शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, ओसीएचए ने अपनी नवीनतम स्थिति रिपोर्ट में बताया कि केरेम शालोम/करम अबू सलेम सीमा चौकी को भी खाद्य सामग्री और अन्य मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए फिर से खोल दिया गया है। हालांकि, संचालन अब भी सुचारू नहीं है क्योंकि फिलहाल यही एकमात्र माल ढुलाई वाला खुला सीमा बिंदु है।

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने बताया कि उसने पिछले महीने गाजा पट्टी में लगभग 14 लाख लोगों तक खाद्य सहायता पहुंचाई। इसमें खाद्य पैकेट, रोटी के बंडल, गर्म भोजन और कुपोषण उपचार शामिल थे। इसके अलावा लगभग 5 लाख लोगों को नकद सहायता भी प्रदान की गई।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *